# सचिवालय
## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर (म.प्र.)
### राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार

सत्यमेव जयते

संतोष सोहगौरा
सदस्य–सचिव
संयुक्त कुलसचिव एवं प्रभारी राजभाषा अधिकारी
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

ई–मेल : tolic.sagar@dhsgsu.edu.in
दूरभाष : 07582-297118
कार्यालय कोड : 247


क्र.: नराकास, सागर / 2025 / 002

दिनांक : 16 मई, 2025

।। कार्यालय ज्ञापन।।

विषय : विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता का नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, सागर के अध्यक्ष के रूप में मनोनयन बावत्।

आदरणीय महोदय/महोदया,

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में स्थित केन्द्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों आदि में राजभाषा नीति के सफल कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों का गठन किया जाता है। इस क्रम में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सागर स्थित केन्द्रीय कार्यालयों/ बैंकों/उपक्रमों आदि में राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), सागर का भी गठन किया गया है। उक्त समिति में आप सभी कार्यालयाध्यक्ष सम्मानित सदस्य हैं।

ध्यातव्य है कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सागर नगर की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता का महत्वपूर्ण दायित्व देश के ख्यातिनाम केन्द्रीय विश्वविद्यालय डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर की माननीया कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता को सौंपा गया है। साथ ही नराकास, सागर के कार्यकलापों के सुचारू संचालन हेतु नराकास, सागर का सचिवालय भी डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में स्थापित किया गया है।

जैसा कि आपको विदित होगा कि नराकास का गठन नगर स्थित कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों आदि द्वारा राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन एवं इसमें आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए एक साझा मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जाता है। और यह सब हम सभी के समन्वित प्रयासों से सागर नगर स्थित समस्त केन्द्रीय कार्यालयों में राजभाषा का प्रभावी कार्यान्वयन हो सकेगा।

मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि राजभाषा हिन्दी के प्रति आपके प्रेम एवं समर्पण से हम सब मिलकर सागर नगर की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के राष्ट्रीय फलक पर प्रतिष्ठित करायेंगे।

सहयोग की अपेक्षा के साथ,
शुभकामनाओं सहित।

भवदीय,

(संतोष सोहगौरा)
सदस्य-सचिव, नराकास, सागर एवं
संयुक्त कुलसचिव एवं राजभाषा अधिकारी (प्र)
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय
सागर (म.प्र.)

प्रति,
समस्त सम्माननीय कार्यालयाध्यक्ष
सदस्य कार्यालय
नराकास, सागर (म.प्र.)

**'हिंदी में पत्राचार हो, हिंदी में हर व्यवहार हो, बोलचाल में हिंदी ही अभिव्यक्ति का आधार हो।'**